11. काल

हम जो भी काम या क्रियाएँ करते हैं उनका समय अलग-अलग होता है। कुछ क्रियाएँ बीते समय में हो चुकी होती हैं, कुछ चल रहे समय में, तो कुछ आने वाले समय में होनी या करनी होती हैं। क्रिया के जिस रूप से उसके करने, होने या घटने के समय का पता चले, उसे काल कहते हैं।

शिक्षण-संकेत

- छात्रों से काल का अर्थ पूछें। काल क्या बताता है आदि।
- छात्रों से काल की परिभाषा बताने को कहें।
- पृष्ठ 76 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ और उनका काल पूछें।
- काल के भेद बताएँ। पृष्ठ 76-78 पर दिए काल के भेदों, उपभेदों पर विस्तार से चर्चा करें।
- ब्लैकबोर्ड पर कुछ वाक्य लिखें और छात्रों से वाक्यों की क्रिया का काल पूछें।
- सभी छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर दें।
- सुनिश्चित करें, छात्र भली-भाँति काल को समझ पाए हैं।
- पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें। लिखित प्रश्न भी जाँचें।